भक्तों के घर कभी आओ मां

आओ मां आओ मां आओ मां,
भक्तों के घर कभी आओ मां,
परिवार तुम्हारा है,
हमें तेरा ही सहारा है,
आओ मां आओ मां आओ मां,
भक्तों के घर कभी आओ मां॥

तेरे चरणों में बिछ जायेंगे,
पलकों पर तुमको बिठायेंगे,
हम तेरे भजन मीठे मीठे,
गा गा कर तुझे सुनाएंगे,
आओ मां आओ मां आओ मां,
भक्तों के घर कभी आओ मां॥

तू इस जग की महारानी है,
मां तुझ से प्रीत पुरानी है,
इस दिल में है डेरों बातें,
मां आज तुम्हे बतलानी है,
आओ मां आओ मां आओ मां,
भक्तों के घर कभी आओ मां॥

यह घर मंदिर बन जाएगा,
मां एक बार तेरे आने से,
रोशन होगा जीवन मेरा,
मां तेरी ज्योत जलाने से,
आओ मां आओ मां आओ मां,
भक्तों के घर कभी आओ मां॥

कहने को यह घर मेरा है,
पर इस पर हक मां तेरा है,
दो दिन के किराएदार है हम,
सुनो यहां रेन बसेरा है,
आओ मां आओ मां आओ मां,
भक्तों के घर कभी आओ मां,
परिवार तुम्हारा है,
हमें तेरा ही सहारा है,
आओ मां आओ मां आओ मां,
भक्तों के घर कभी आओ मां.........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24827/title/bhakto-ke-ghar-kabhi-aao-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |